अनदेखी | उद्धार की दिशा में नहीं हो रही उचित पहल

अस्तित्व खोते नाले का सड़ांध मारता पानी

नवभारत/नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा। एक तरफ जहां जल संरक्षण और जल स्त्रोतों को सहेजने की दिशा में शासन प्रशासन द्वारा तरह तरह के अभियान चलाये जा रहे हैं। लेकिन तेंदूखेड़ा के बीचों बीच बहने वाले नाले का उचित रखरखाव ना होने प्रशासनिक अनदेखी और लोगों की मनमानियों के चलते नाला जहां अपने अस्तित्व को बचाने स्वयं अंतिम सांसें गिन रहा है वहीं सड़ांध मारते पानी के कारण रहवासियों को हेरानी पनपते मच्छर दुखदाई हो रहे हैं। एक समय था जब इस नाले में ऊपर रामघाट से लेकर नीचे मुलुआ कुंडी और हनुमान घाट में लोगों द्वारा कपड़े धोने से लेकर पूरा निस्तार किया करते थे। गर्मी के दिनों में नहाते आनंद लेने का प्रमुख केन्द्र माने जाते थे। पुजारी मुहल्ला वाले घाट पर गर्मी के मौसम में गेहूं धुलाई का काम चलता था।

प्रशासनिक अनदेखी के चलते लोगों ने पैर पर पटकी कुल्हाड़ी

इसे प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही कहें या फिर स्वयं लोगों की उदासीनता नगर की साफ सफाई का कचड़ा और मैला घरों के सैप्टिक टेंकों से निकलने वाला निस्तार का पानी इसी नाले में डालने के कारण लोगों ने इसका उपयोग बंद कर दिया। उपेक्षित नजरिए के चलते नाला लगभग अंतिम स्थिति में पहुंचता जा रहा है। जहां तहां भरा पानी सड़ांध मारने लगा है। और मच्छर पनप रहे हैं।कृषि योग्य भूमि में सिंचित करने के लिए जरुरत मंद अपने हिसाब से विद्युत मोटर पंपों का सहारा लेकर दूर दूर तक पानी ले जाया करते हैं।

किसी बड़ी योजना के माध्यम से हो सकता है उद्धार

नदी नालों को पुर्नजीवित करने की दिशा में शासन द्वारा योजनाएं चलाई जा रही है।किसी बड़ी योजना के माध्यम से इस नाले को ऊपर जामनपानी से लेकर नीचे पुजारी मुहल्ला तक साफ सफाई के साथ इसके गहरीकरण और उचित रखरखाव की दिशा में पहल आवश्यक है।नाले के उद्धार से ना केवल लोगों का निस्तार होगा बल्कि आस पास के हेंडपंपों में जमीनी जल स्तर बढ़ने से पानी भी मिलेगा।गंदगी से और मच्छरों की समस्या से कुछ हद तक निजात मिलेगा। मवेशियों को पीने योग्य पानी भी मिलने लगेगा।

मोबाइल नंबर बदलने के नाम पर वसूले जा रहे 300/400

नवभारत/ गाडरवारा। क्षेत्र में गैस उपभोक्ताओं के साथ मनमानी का मामला सामने आया है, जहां गैस कनेक्शन की बुक में मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए उपभोक्ताओं से ?400 तक की वसूली की जा रही है। जबकि नियमों के अनुसार यह प्रक्रिया या तो नि:शुल्क होती है या बेहद मामूली शुल्क में पूरी की जाती है। जानकारी के अनुसार, कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि एजेंसी पर नंबर बदलवाने के लिए पहुंचने पर उनसे बिना किसी स्पष्ट कारण के पैसे मांगे जा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कई मामलों में उपभोक्ताओं को इसकी कोई पक्की रसीद भी नहीं दी जा रही है। गैस कंपनियां जैसे Indian Oil Corporation (इंडेन), Bharat Petroleum (भारत गैस) और Hindustan Petroleum (एचपी गैस) उपभोक्ताओं को ऑनलाइन व आसान सुविधाएं देने का दावा करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर एजेंसियों की यह कार्यप्रणाली सवाल खड़े कर रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यह सीधी-सीधी अवैध वसूली है और इस पर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन और संबंधित कंपनियों से मांग की है कि ऐसे एजेंसी संचालकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

उपार्जन केन्द्रों पर ट्रैक्टर ट्रॉलियों की एक किमी लंबी कतार

नवभारत/तेंदूखेड़ा। समर्थन मूल्य पर होने वाली विभिन्न जिंसों की खरीद केंद्रों पर किसान अपनी कृषि उपज को तुलाने के लिए बड़ी संख्या में एक किमी लंबी लंबी कतारों में पिछले पांच से सात दिन से खड़ा हुआ है। किसानों का कहना है कि एक तो सिलाइड बुक करने में परेशानी हो रही है। सात दिन से लाइन में खड़े हुये है। जैसे तैसे नंबर लग भी जाता है तो फिर सर्वेयरों की इच्छा शक्ति पर निर्भर हो पाता है कि उपज ठीक है या नहीं।आरजू मिन्नत और सुविधा शुल्क के बाद में फिर वही उपज ठीक हो जाती है।

चिलचिलाती धूप में खड़े हैं सड़कों पर

वास्तव में किसानों को उपज पैदा करने से लेकर बेचने तक संघर्ष ही संघर्ष करने पड़ते हैं। किसानों का कहना है कि चिलचिलाती धूप 44 डिग्री में खुले आसमान के नीचे उपार्जन केन्द्रों पर खड़ा रहना पड़ रहा है। तत्काल वारिस हो जाये तो उपज को ढकने की व्यवस्था करने जैसी कई प्रकार की झंझावतें है। यहां तक की पीने के पानी तक की कोई उचित व्यवस्था ना होने के कारण किसानों को स्वयं पानी की कुप्पियां भरकर ले जानी पड़ रहीं हैं।एक आदमी अलग से भोजन लेकर जाने आने में लगा हुआ है।

उपार्जन केन्द्रों पर वारदानें की समस्या

हमारे प्रतिनिधि को किसानों ने बताया कि कुछ केंद्रों पर पिछले दो दिनों से बारदानें की समस्या बनीं हुई है।जिस कारण से तुलाई में और भी समस्या बढ़ रही है। हजारों लाखों क्विंटल अनाज को भरने के लिए चंद बोरा एक ही दिन में भर जाते हैं।सोसाइटियों के माध्यम से खाद्य विक्रय केंद्रों पर आने वाला बारदाना में भी ऊपर से लेकर नीचे तक एक बहुत बड़ा गेम चलता है। और सरकारी धन का गेम भी होता है।

विधायक ने उपार्जन केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

तेंदूखेड़ा क्षेत्र में बनें विभिन्न उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के द्वारा लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया और केंद्र में उपस्थित समीति प्रबंधक सर्वेयर कर्मचारियों हम्मालों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तुलाई को लेकर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।शासन की मंशा अनुसार नियमानुसार काम होना चाहिए।

सालीचौका में अवैध शराब का साम्राज्य, प्रशासन बना मूकदर्शक

नवभारत/सालीचौका। क्षेत्र में आज हालत यह है कि गांव-गांव अवैध शराब बेची जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ दिखावे का नशा मुक्ति अभियान चला रहे हैं। जमीन पर सच्चाई बिल्कुल उलट है — खुलेआम शराब बिक रही है और कोई रोकने वाला नहीं। क्या पुलिस को यह सब दिखाई नहीं देता क्या आबकारी विभाग सो रहा है या जानबूझकर अनदेखी कर रहा है सच्चाई कड़वी है गांव के बच्चे तक शराब पीने लगे हैं युवा पीढ़ी बर्बादी की ओर जा रही है घर-घर में झगड़े, हिंसा और अशांति बढ़ रही है अपराध लगातार बढ़ रहे हैं अब सीधा सवाल किस अधिकारी की छत्रछाया में यह

अवैध कारोबार फल-फूल रहा है कौन है जो गांव-गांव शराब सप्लाई कर रहा है क्या बिना सेटिंग के इतना बड़ा नेटवर्क चल सकता है जिला पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर महोदय जवाब दें — क्या सालीचौका को नशे की दलदल में धकेलने का ठेका दे दिया गया है अगर तुरंत सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो जनता सड़क पर उतरने को मजबूर होगी। अब चुप्पी नहीं चलेगी — जवाब देना ही होगा।

गाडरवारा की बेटियां थाम रहीं बैट-बॉल, वीरांगना अकेडमी में क्रिकेट का जोश

नवभारत/ गाडरवारा। क्षेत्र में बेटियों के खेल प्रतिभा को निखारने की दिशा में वीरांगना अकैडमी सराहनीय पहल कर रही है। अकैडमी के माध्यम से लड़कियों की क्रिकेट टीम को तैयार किया जा रहा है, जहां बालिकाएं पूरे उत्साह के साथ क्रिकेट की बारीकियां सीख रही हैं। अकैडमी के कोच अमर मेहर ,ओर टीम में विकास , निक्की पिछले कई वर्षों से बच्चों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में कई युवा खिलाड़ी क्रिकेट के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर हैं। विशेष रूप से लड़कियों को खेल के प्रति प्रेरित कर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को

बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग के साथ-साथ फिटनेस और अनुशासन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अकैडमी का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाशाली बेटियों को एक बेहतर मंच प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। वीरांगना अकैडमी की इस पहल से क्षेत्र में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और अभिभावक भी अपनी बेटियों को खेल के लिए आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

ऑपरेशन ईगल क्लॉ का वार, गाडरवारा पुलिस ने गांजा तस्कर को दबोचा!

नवभारत/गाडरवारा। नरसिंहपुर पुलिस का मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान अब तेज़ धार पकड़ चुका है। ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत गाडरवारा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। दोपहर करीब 12 बजे आमगांव छोटा के तालाब के पास पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 2 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसे वह खपाने की फिराक में था। गिरफ्तार आरोपी मेहरबान अहिरवार (55 वर्ष), निवासी शोभापुर, जिला नर्मदापुरम जब्ती 2 किलो गांजा एक मोबाइल फोन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ NDPS एक्ट की धारा 8/20(ड्ढ)

के तहत मामला दर्ज कर सीधा न्यायालय में पेश कर दिया है। इस पूरी कार्रवाई को थाना प्रभारी अशोक सिंह चौहान की अगुवाई में अंजाम दिया गया, जिसमें पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए तस्कर के मंसूबों पर पानी फेर दिया। संदेश साफ है — नशे के कारोबारियों के लिए नरसिंहपुर में अब कोई जगह नहीं! पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है।

एक नजर में



अचानक बिगड़ा मौसम का मिजाज, तेज हवाओं के बीच गिरे वृक्ष

नवभारत/डोभी। शनिवार को अचानक मौसम का मिजाज बिगड गया तेज हवाओं के बीच जहां तहां से टीन टप्पर उड़ गए और यहां तक कि तेंदूखेड़ा डोभी सड़क मार्ग पर आलीशान वृक्ष उखड़कर बीच सड़क पर गिर गये जिससे सड़क मार्ग लंबे समय तक मार्ग बंद रहा।

प्रशांत पुरोहित हुए सेवानिवृत

नवभारत/करेली। शासकीय माध्यमिक शाला भुगवारा में पदस्थ करेली बस्ती निवासी सामाजिक, धार्मिक एवं रचनात्मक कार्यों में अग्रणी सीताराम राधेश्याम प्रभात फेरी के नियमित सदस्य शिक्षक प्रशांत कुमार पुरोहित ने शिक्षकीय सेवा पूर्ण कर 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो गए हैं। इस अवसर पर उनके सम्मान में ग्रामवासी एवं शाला परिवार एवं इष्ट मित्रों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी। उनकी सेवा निवृत्ति पर इष्ट मित्र एवं शुभचिंतको द्वारा उनके उज्जवल भविष्य, स्वस्थ, सुखी, प्रसन्न एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

NEET परीक्षार्थियों के लिए विधायक एवं शिक्षा मंत्री की विशेष व्यवस्था

नवभारत/गाडरवारा। 3 मई को आयोजित होने वाली हृश्वश्वञ्ज परीक्षा में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के जिन छात्र-छात्राओं का परीक्षा केंद्र भोपाल में निर्धारित हुआ है, उनके लिए क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।जानकारी के अनुसार, भोपाल पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से परीक्षा केंद्र तक वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए नाश्ता एवं भोजन की भी उचित व्यवस्था की गई है। ऐसे छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक, जिन्हें भोपाल में निजी सुविधाओं का अभाव है, वे विधायक कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इन सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। सुविधा प्राप्त करने हेतु इच्छुक परीक्षार्थी एवं अभिभावक निम्न संपर्क सूत्रों पर संपर्क कर सकते हैं संपर्क सूत्र- कार्यालय भोपाल- 95892 29263 सुशील पचौरी बालकृष्ण साहू- 81098 32406

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 3 को

नरसिंहपुर। पूर्व न्यायाधीश, माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं वर्तमान अध्यक्ष, सर्वोच्च न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति, न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में रविवार 3 मई को प्रात- 10 बजे से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कार्यालय कलेक्टर नरसिंहपुर के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दंडाधिकारी गजेन्द्र नागेश ने सभी संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी के साथ समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का कार्यक्रम आयोजित

नवभारत/करेली। को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का कार्यक्रम आंगनवाड़ी केंद्र महादेव क्रमांक 2 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद राजकुमारी सोनी द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाएँ को प्रमाण-पत्र वितरित कर कक्षा पाँचवीं,दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। उपस्थित महिलाओं एवं जनसमुदाय को लाड़ली लक्ष्मी योजना के बारे में जानकारी दी गई तथा योजना के लाभ समझाए।इस अवसर पर पर्यवेक्षक शोएबा अख्तर,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलू सोनी, मनोज रजक, मीना लोधी, चंदा कोरी,संध्या सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अंत में काजल मेहरा द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के लिए आभार व्यक्त किया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवभारत/ तेंदूखेड़ा विगत दिवस आदर्शज्ञान ज्योति हायर सेकेण्डरी विद्यालय लोलरी परिसर में फिजिकल एकेडमी कबड्डी का शुभारंभ जिसमें बच्चों को फिजिकल और राव अनुज प्रताप सिंह संचालक देवेन्द्र पटेल की उपस्थिति में किया गया।इस मौके पर संस्था प्रमुख देवेन्द्र पटेल ने स्पष्ट किया कि अनुशासन में रहने की शिक्षा हमारा लक्ष्य बच्चों को मोबाइल की दुनिया से बाहर निकालना और मैदान की पहचान कराना है ।जिससे शरीर फ़िट और मानसिक तनाव दूर रहता है । हमारा उद्देश्य बच्चों को नया मंच तैयार करना है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि युवा नेता राव अनुज प्रताप ने स्पष्ट किया कि युवाओं को धरातल पर इस तरह का माहौल तैयार करना आज के समय की महती आवश्यकता है।इस मौके पर स्कूल के संचालक देवेंद्र पटेल आयोजक आदर्श पटेल प्राचार्य जितेन्द्र राय खेल शिक्षक नीतेश कौरव एवं फिजिकल एकेडमी के कोच गेंदालाल पटेल गणेश यादव तुलसीराम ठाकुर संतोष साहू प्रमुख रुप से उपस्थितथे।

आबकारी विभाग ने ग्राम खमतरा एवं बचई में दी दबिश

नवभारत/नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में, जिला आबकारी अधिकारी बृजेन्द्र कोरी के मार्गदर्शन में और सहायक जिला आबकारी अधिकारी बीएल उईके के नेतृत्व में जिले में मदिरा संबंधी अवैध गतिविधियों के विरूद्ध विशेष अभियान शुक्रवार को चलाया गया। अभियान के दौरान वृत्त नरसिंहपुर के अंतर्गत ग्राम खमतरा एवं बचई में आबकारी बल द्वारा दबिश देकर अवैध मदिरा पर कार्यवाही की गई। इस दौरान कच्ची हाथ भट्टी अवैध मदिरा एवं 820 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस पर मप्र आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 के तहत 3 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। इसी दौरान दो मदिरा दुकानों का भी सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के लिए संबंधित लायसेंसियों के विरूद्ध विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में

लिया गया। इस सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र जैन, आबकारी उप निरीक्षक सतीश कुमार, भ्रांति सैयाम, आकांक्षा धनोतिया, आबकारी मुख्य आरक्षक सदर सिंह बरकड़े, आबकारी आरक्षक लालजी चौधरी, नवल सिंह ठाकुर, राकेश जादोन, ब्रिज किशोर सोनी, अनिल राठौर, दीपांश चौकसे, महिला आरक्षक अंकिता शुक्ला एवं नगर सैनिक मौजूद थे।

जनअभियान परिषद द्वारा आदि शंकराचार्य की जयंती का कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में आदि शंकराचार्य के जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया

नरसिंहपुर। आदि शंकराचार्य जी की जयंती पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम ग्राम बम्होरी में मप्र जनअभियान परिषद विकासखंड करेली के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा ने आदि शंकराचार्य जी के जीवन एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आदि शंकराचार्य जी के जीवन और उनके प्रेरणास्त्रोत के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य जी ने भारत की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करने के लिए चारो दिशाओं में चार प्रमुख मठों की स्थापना की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता एवं सनातन मूल्यों के संरक्षण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को पं. विष्णु प्रसाद शास्त्री, महेंद्र सिंह सिसोदिया और छत्रपाल सिंह राजपूत ने संबोधित कर आदि शंकराचार्य जी के जीवन में प्रकाश डाला। इस अवसर पर सरपंच अनिल सिंह राजपूत, विकासखंड समन्वयक माधवी पाठक, परामर्शदाता राजेश सराठे, विकासखंड के नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

नर्मदा तटीय क्षेत्रों में रेवा सेवा समागम कार्यक्रम आयोजित

जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा जी ने बताया कि नर्मदा नदी के संरक्षण एवं सवंर्धन के उद्देश्य से जिले में नर्मदा नदी के घाटों में रेवा सेवा समागम कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे। जनअभियान परिषद के द्वारा रेवा सेवा समागम कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। एक मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर जिले के सभी पांचों विकासखंड गोटेगांव, नरसिंहपुर, करेली, चावरपाठा एवं सांईखड़ा के लगभग 15 प्रमुख घाटों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में नर्मदा स्वच्छता अभियान, जनसंवाद, नदी अनुभूति कार्यक्रम, मां नर्मदा जी की आरती एवं पूजा संपन्न हुई। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य नर्मदा नदी की निर्मलता, अविरलता, पोषण, भक्तिभाव तथा सहायक नदियों के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद, सभी विकासखंड समन्वयक, नवांकुर संस्थाएँ, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियाँ, सीएमसीएलडी पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएँ, परामर्शदाता एवं श्रद्धालुओं की

योजनाओं संबंधी जानकारी दी

नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं मार्गदर्शन के लिए सीएम किसान हेल्पलाईन 155253 का शुभारंभ 30 अप्रैल 2026 को किया गया है। प्रदेश एवं जिले के किसान हेल्पलाईन नंबर 155253 पर कॉल कर अपनी खेती संबंधित समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। कृषि विशेषज्ञों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खेती संबंधित आवश्यक सुझाव एवं समस्याओं का निराकरण भी किया जायेगा।

द्वितीय क्रमोन्नति के लिए शिक्षा मंत्री से मिले शिक्षक

नवभारत/ गाडरवारा। राज्य शिक्षक संघ के नेतृत्व में जबलपुर संभाग के द्वितीय क्रमोन्नति से वंचित नरसिंहपुर जिले के शिक्षकों ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से उनके गाडरवारा स्थित निवास पर मुलाकात की। राज्य शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष नगेन्द्र त्रिपाठी एवं मीडिया प्रभारी सियाराम पटेल के नेतृत्व में पहुंचे शिक्षकों ने मंत्री को बताया कि जबलपुर संभाग के 369 पदोन्नति प्राप्त माध्यमिक शिक्षकों को 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बावजूद द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ नहीं मिला है। जबकि प्रदेश के अन्य संभागों में यह सुविधा पहले ही दी जा चुकी है। इस कारण कई शिक्षकों का वेतन उनके जूनियर शिक्षकों से भी कम हो गया है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शिक्षकों की समस्या को गंभीरता से सुना और तत्काल

कार्रवाई करते हुए जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक (जेडी) अरुण इंगले को दूरभाष पर निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर शिक्षकों के द्वितीय क्रमोन्नति आदेश जारी किए जाएं। इस दौरान वेणी शंकर पटेल, मलखान सिंह मेहरा, विजेन्द्र पटेल, सोमनाथ बसेड़िया, आनंद चौकसे, रामनारायण उपाध्याय, के.के. राजोरिया सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। समस्या के त्वरित निराकरण के आश्वासन पर राज्य शिक्षक संघ ने मंत्री का आभार व्यक्त किया।